दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 193 मुरादाबाद, 01 November 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

बाजारों में करवाचौथ का उत्साह, पहली बार व्रत कर रही सुहागिनों में उमंग..हाथों की रची मेहंदी

मुरादाबाद में करवाचौथ का उल्लास बाजारों में नजर आ रहा है। इससे कारोबारियों के चेहरे पर खुशी के साथ बाजार भी खिल उठे हैं। मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लरों पर एडवांस बुकिंग की गई है। बाजारों में छोटे-छोटे स्टॉल भी भीड़ लगी हुई है। मुरादाबाद में करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। सुहागिन महिलाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा महिलाएं मेहंदी रचाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग कर रही हैं। वहीं बाजारों में मेहंदी रचाने के लिए अलग से स्टॉल लगाए जा रहे हैं। करवाचौथ का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा।इस पर्व को लेकर महिलाओं ने खरीदारी के अलावा अन्य तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। मेहंदी को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है इस कारण महिलाओं में इसका खासा क्रेज रहता है। करवाचौथ त्योहार पर मेहंदी लगवाने के लिए ब्यूटी पार्लरों पर एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। इसके अलावा बाजारों में छोटे-छोटे स्टॉल भी लगने लगे हैं, जहां महिलाएं अभी से बुकिंग करवाने लगी हैं।शहर के प्रमुख ब्यूटी पार्लरों पर करवाचौथ के व्रत पर ग्राहकों को अलग से पैकेज भी दिए जा रहे हैं। ब्यूटी पार्लर संचालकों ने सुहागिनों के लिए एक से बढ़कर एक ऑफर दिए हैं। कुछ मेहंदी सेंटर संचालक घंटों के हिसाब से शुल्क ले रहे हैं। फ्यूजन ब्यूटी पार्लर संचालक पुष्पांजलि ने बताया कि पार्लर में 999 रुपये प्रति यूनिट से लेकर 3500 रुपये का पैकेज है।उन्होंने बताया कि अभी तक दो सौ महिलाओं ने मेहंदी लगवाने के लिए एडवांस बुकिंग करा रखी है। इनमें से अधिकतर महिलाएं करवाचौथ के दिन की बुकिंग की है। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का त्योहार होने के कारण स्टॉफ बढ़ा दिया गया है।महिलाओं ने कहा- भीड़ की वजह से मेकअप सही से नहीं हो पाता है। इससे बचने के लिए मैंने पहले से ही मेहंदी और पार्लर बुक करवा लिया है। इससे समय बचने के साथ-साथ परेशानी से भी बच जाऊंगी।- हिमानी अरोड़ा, कुशालपुर करवा चौथ के दिन मेहंदी लगवानी है। व्रत रखने पर मेहंदी लगवाने में कोई भी परेशानी न हो

पीएम मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार पटेल को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

पीएम नरेंद्र मोदी 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर युवाओं के राष्ट्रव्यापी संगठन मेरा युवा भारत को लॉन्च करेंगे। रविवार को मन की बात में उन्होंने इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है। सरदार पटेल की जयंती के मौके पर मंगलवार सुबह ही वे केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचे। यहां उन्होंने देश के पहले गृह मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी इस दौरान रैंप से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर गए और वहां से सरदार पटेल को फूल चढ़ाए। इसके बाद पीएम ने एकता नगर में इकट्ठा हुए लोगों को भी संबोधित किया। सरदार पटेल को लेकर क्या बोले पीएम मोदी? पीएम ने केवड़िया में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, मन के अनेक है, लेकिन माला एक है। तन अनेक है, लेकिन मन एक है। जैसे 15 अगस्त हमारी स्वतंत्रता के उत्सव का, 26 जनवरी हमारे गणतंत्र के जयघोष का दिवस है, उसी तरह 31 अक्टूबर का ये दिन देश के कोने-कोने में राष्ट्रीयता के संचार का पर्व बन गया है। 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर होने वाला आयोजन, 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्यपथ पर परेड और 31 अक्टूबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सानिध्य में मां नर्मदा के तट पर राष्ट्रीय एकता दिवस का ये मुख्य कार्यक्रम राष्ट्र उत्थान की त्रिशक्ति बन गए हैं। पीएम ने कहा, एकता नगर में आने वालों को सिर्फ इस भव्य प्रतिमा के ही दर्शन नहीं होते बल्कि उसे सरदार साहब के जीवन, त्याग और एक भारत के निर्माण में उनके योगदान की झलक भी मिलती है। इस प्रतिमा की निर्माण गाथा में ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतिबिंब है।

गुलामी की निशानियों को हटा रहा है भारत

पीएम मोदी ने आगे कहा, अमृतकाल में भारत ने गुलामी की मानसिकता को त्यागकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है। हम विकास भी कर रहे हैं और अपनी विरासत का संरक्षण भी कर रहे हैं। भारत ने अपनी नौसेना के ध्वज पर लगे गुलामी के निशान को हटा दिया है। गुलामी के दौर में बनाए गए गैर जरूरी कानूनों को भी हटाया जा रहा है। IPC की जगह भी भारतीय न्याय संहिता लाई जा रही है। इंडिया गेट पर जहां कभी विदेशी सत्ता के प्रतिनिधि की प्रतिमा थी, वहां अब नेताजी सुभाष की प्रतिमा हमें प्रेरणा दे रही है।

पीएम मोदी ने लोगों को दिलाई एकता की शपथ

पीएम ने इससे पहले गुजरात के एकता नगर पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर वहां मौजूद लोगों को एकता की शपथ दिलाई। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर परेड का भी आयोजन किया गया। इसमें सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स ने अद्भुत प्रदर्शन किया। पीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का भी निरीक्षण किया जिसमें सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस बल के मार्चिंग दलों ने भी भाग लिया।इससे पहले पीएम मोदी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती पर एक्स पर एक पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा,''सरदार पटेल की जयंती पर, हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी नेतृत्व और असाधारण समर्पण को याद करते हैं जिससे उन्होंने हमारे राष्ट्र के भाग्य को आकार दिया। राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी प्रतिबद्धता आज भी हमारा मार्गदर्शन करती है। हम हमेशा उनकी ऋणी रहेंगे।''

पटेल जयंती पर युवा भारत संगठन लॉन्च करेंगे मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर युवाओं के राष्ट्रव्यापी संगठन मेरा युवा भारत को लॉन्च करेंगे। रविवार को मन की बात में उन्होंने इसकी घोषणा की।

अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप, फोन टैप कर जासूसी करा रही सरकार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार उनका फोन टैप कर जासूसी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोशिशें लोकतंत्र को खत्म करने वाली हैं।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि उनका फोन टैप कर सरकार जासूसी करा रही है। यह लोकतंत्र को खत्म करने जैसा है। मेरा फोन हैक करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार मामले की जांच कराए। इस तरह की निगरानी लोकतंत्र के लिए खतरा है। अखिलेश यादव मंगलवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार 2024 के चुनाव में होने वाली हार को लेकर घबरा गई है इसलिए विपक्ष के नेताओं को ईडी का नोटिस भेजा जा रहा है। आजम खां के जौहर ट्रस्ट की जमीन को कैबिनेट के फैसले से वापस लिए जाने पर अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा उचित नहीं है। इसी तरह के निर्णय आगे आने वाली सरकार भी लेगी। उन्होंने कहा यूपी में समाजवादी सरकार बनने पर स्कूल कॉलेज और अस्पतालों के लिए मुफ्त जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

विपक्षी नेताओं के हैकिंग के दावों पर राहुल गांधी बोले- सरकार में अदाणी नंबर-1, पीएम मोदी नंबर-दो

जिन नेताओं ने यह शिकायत की है, उनमें तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा शामिल हैं।विपक्षी नेताओं की तरफ से मंगलवार सुबह दावा किया गया कि उनके फोन में सरकार-प्रायोजित हैकिंग से जुड़े चेतावनी संदेश आए। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कई लोगों को ऐसे संदेश आए हैं। इनमें केसी वेणुगोपा, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा शामिल हैं। भाजपा इस वक्त युवाओं का ध्यान भटकाने की कोशिश में है। राहुल ने कहा पहले मैं सोचता था कि सरकार में नंबर-1 प्रधानमंत्री हैं, दूसरे पर अदाणी और तीसरे पर अमित शाह हैं, लेकिन ये गलत है। सरकार में नंबर-1 अदाणी हैं, पीएम मोदी दूसरे नंबर पर हैं और अमित शाह तीसरे पर।राहुल ने कहा, हिंदुस्तान की राजनीति हमें समझ आ गई है। अदाणी जी बचकर नहीं निकल सकते। हमने अदाणी को ऐसा घेरा है कि वह बचकर नहीं निकल सकते। इसलिए ध्यान बंटाने की राजनीति हो रही है। कि देश की निगाह, विपक्ष की निगाह पिंजरे में बैठे हुए तोते की ओर न चली जाए।卐 राहुल गांधी ने आगे कहा, 卐जितनी टैपिंग करनी हो कर लो। मुझे फर्क नहीं पड़ता। अगर आपको मेरा फोन चाहिए तो मैं अपना फोन दे देता हूं आपको। कम लोग लड़ रहे हैं इसके खिलाफ। लेकिन हम डरने वाले लोग नहीं हैं, लड़ने वाले लोग हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। किन नेताओं ने की फोन में हैकिंग की शिकायत?- विपक्ष के कई नेताओं ने दावा किया है कि उनके मोबाइल पर फोन निर्माताओं द्वारा एक संदेश भेजा गया है, जिसमें कहा गया कि उनके फोन में सरकार समर्थित हैकरों द्वारा हैकिंग की कोशिश की गई है। जिन नेताओं ने यह शिकायत की है, उनमें तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा, शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर और पवन खेड़ा शामिल हैं। इन लोगों के अलावा आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि उन्हें भी इस तरह के मैसेज आए हैं। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने भी बाद में इस तरह के आरोप लगाते हुए सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा, खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं। साफ छुपाते भी नहीं, सामने आते भी नहीं। इस मामले पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 卐जिस तरह मुझे पिछली रात यह चेतावनी मिली, इससे साफ है कि यह केंद सरकार का प्रायोजित कार्यक्रम है और मुझे एहतियात बरतने होंगे। चेतावनी में साफ लिखा है कि यह हमले सरकार-प्रायोजित (स्टेट स्पॉन्सर्ड) की तरफ से हुए हैं।

रन फॉर यूनिटी में दौड़ा लखनऊ: सीएम योगी बोले- पीएम मोदी ने एकता दौड़ से दी सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि

लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने एकता दौड़ में भाग लिया। मुख्यमंत्री योगी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी।लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सांसद कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर आधुनिक व अखण्ड भारत के विश्वकर्मा, लौह पुरुष, %भारत रत्न% सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं सभी को %राष्ट्रीय एकता दिवस% की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी सरदार साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ और भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब स्वतंत्र भारत में अलग-अलग रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सीएम योगी ने कहा कि भले ही उनके कार्यकाल के दौरान उन्हें तत्कालीन सरकारों ने सम्मान न दिया हो, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की।इस अवसर पर देशवासी जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा को भुला कर एक साथ एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी में शामिल हो करके सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सीएम योगी ने शार्ट नोटिस पर बड़ी संख्या में एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी में शामिल होने आए बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दिन हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं का स्मरण करना चाहिए जिन्होंने भारत को आजाद कराने में और स्वतंत्र भारत के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब भारत आजाद हुआ था तो वह 562 रियासतों में बंटा हुआ था। अंग्रेजों ने जानबूझ कर रियासतों को विलय करने या अलग रहने का निर्णय करने का मौका दिया था। ऐसे में देश के गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लभाई पटेल के सामने क्या कठिन परिस्थिति और चुनौती रही होगी, इसकी आज कल्पना करना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनकी कूटनीतिक एवं रणनीतिक क्षमता का ही परिणाम था कि भारत की एकता और अखण्डता सुनिश्चित की जा सकी। आप सभी ने जूनागढ़ रियासत और निजामशाही से जुड़ी घटनाओं के बारे में सुना होगा। सरदार पटेल ने इन दोनों रियासतों का भारत में विलय कराया। संविधान की धारा 370 की समस्या पैदा ही नहीं हुई होती। सरकार पटेल ने उस समय सूझ बूझ और दृढ़ता का परिचय न दिया होता तो आज भारतवासियों को जूनागढ़ और हैदराबाद जाने के लिए वीजा पासपोर्ट की जरूरत पड़ रही होती।

कैबिनेट बैठक के बाद यूपी व उत्तराखंड के सीएम ने देखी फिल्म तेजस, कंगना रणौत भी रहीं मौजूद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ मंगलवार को फिल्म तेजस देखी। फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन मुख्यमंत्री के कार्यालय लोकभवन में ही किया गया।यूपी में मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट सहयोगियों व उत्तराखंड के धामी के साथ इस मौके पर रणौत भी मौजूद स्क्रीनिंग कार्यालय थी जिसमें बड़ी कार्यकर्ता व नेता फिल्म तेजस है। स्क्रीनिंग का सिने मीडिया किया गया। इस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह फिल्म तेजस देखी। अभिनेत्री कंगना रहीं।फिल्म की मुख्यमंत्री के लोकभवन में की गई संख्या में भाजपा भी सम्मिलित हुए। वायुसेना पर आधारित आयोजन यूएफओ नेटवर्क के सहयोग से दौरान सभी बेहद खुश नजर आए। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म पृथ्वीराज और कश्मीर फाइल्स भी देखी थी। उन्होंने इन फिल्मों की सराहना की थी और इनके कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साह भी बढ़ाया था।

संपादकीय Editorial

'Fanatical' blasts in Kerala

The blasts that took place in a meeting hall in Ernakulam district of Kerala, more or less do not appear to be terrorist attacks, but are no less than that. About 2300 people were engrossed in prayer in a meeting room. They are said to belong to the 'Jehovah community', who are fundamentally Christian but also psychologically pro-Jewish. They had passed a resolution in support of Israel a day earlier. It is a Christian religious community that originated in America in the 19th century. Two women were killed in three consecutive blasts, while 51 people were said to be burnt and injured.

The condition of half a dozen was said to be critical and 18 people had to be admitted to the ICU. Of course the blasts were not 'terrorist', but were definitely inspired by religious fundamentalism. Kerala has a history of violence between different groups. There has also been a dangerous mix of religion and politics in these groups. However, the Israel-Hamas war must have also had an impact, because not only in Kerala, but Muslim organizations in different parts of the country are holding pro-Palestine demonstrations. Hamas itself is being presented as Palestine, hence the figures and facts are wrong. The pro-Palestine rally that was recently organized in Kerala was also addressed by Hamas founding leader Khaled Mashael through video conferencing.

How can it happen in the country that the leader of a terrorist group addresses a rally and no clarification is even sought from the state government? Kerala has 27 percent Muslims and 18 percent Christians. Both the communities have been maintaining a strong presence in power and politics along with the Left Front and the Congress led front. Now a thorough investigation of these blasts will reveal the extent to which fundamentalism influenced by the Israel-Hamas war is responsible?

If IED was used for the blasts, then where was it obtained from? Where did the explosive materials come from? However, one person has taken responsibility for the blasts.

This man named Dominic Martin has told the Kerala Police that he has been a member of the 'Jehovah Witness community' for 16 years, but about 6 years ago he realized that it is not a good organization and its teachings are 'seditious'. Although the Jehovah's Community has denied membership of this person, the word 'traitor' has connotations of fundamentalism and conspiracy. However, all the agencies including the National Investigation Agency (NIA) have reached Kerala. She will go deep into every aspect of the investigation.

It will also be a matter of investigation as to who played an effective role in organizing the Hamas rally? Apart from traditional parties like Congress and Indian Union Muslim League, to what extent is the politics of parties like banned PFI and SDPI effective and what is their basic thinking? In the context of these blasts, the overall security dimension of the country is also sensitive.

High alert has been imposed in Uttar Pradesh and Mumbai including the capital Delhi. Nonsense posts are being written on social media. Explanations are being made by linking the blasts to the Israel-Hamas war. However, Kerala Police has warned that legal action will be taken against those writing fake and inflammatory posts on social media. There are possibilities that the conflict in West Asia may indirectly affect India and its interests. Our country should not become a battlefield for 'foreign conflicts'.

Scenario: Violence before elections in Bangladesh, challenge for survival of BNP

The violence that took place before the elections in Bangladesh is worrying. Anyway, the upcoming elections are challenging for both the government and the opposition. If BNP does not reach power, it will cease to exist. While India is angry due to the fundamentalist inclination of the Awami League, American pressure on it has also increased. The violence that broke out during an opposition protest rally in Bangladesh last Saturday could be the beginning of a violent election season in this youngest country of South Asia. At least one policeman was killed and more than 200 people, including 40 policemen, were injured in the violence. It is a matter of concern that now this violence is spreading to other parts of the country as well. The Islamist opposition alliance of Bangladesh Nationalist Party (BNP) and Jamaat-e-Islami has made a do or die decision to oust the Awami League which has been in power for three terms. As this protest rally was organized. Now it has called for a complete transport blockade in the country for three days in support of its one-point demand. It demands that the ruling Awami League resign and allow a neutral caretaker administration to take over to conduct parliamentary elections in January. This blockade is scheduled from October 31 to November 2. Senior BNP leader Mirza Abbas says, 'If the Awami League remains in power, the country will be ruled by only one party. Therefore, this movement is not just to oust the Awami League from power, but to save the budding democracy of Bangladesh. Awami League Central Committee member Tarana Haleem countered: 'BNP-Jamaat are anti-democracy. When he came to power in 2001, he attacked many of our leaders including me. They even tried to eliminate our entire central leadership including Sheikh Hasina in 2004. They believe in Pakistani-style militarism to eliminate opponents. It is a fight for survival for the Awami League, as it is for the opposition Islamic Alliance. Sukhranjan Dasgupta, who has written several books on Bangladesh, says, 'If the Awami League loses the parliamentary elections in January, there will be bloodshed like during the BNP-Jamaat rule in 2001-06. Thousands of party leaders and workers will have to leave their workplaces and flee the country. If the opposition does not succeed in regaining power, it will definitely be the end of BNP as a party.' Dasgupta says, 'Traditionally, Awami League is a powerful party on the streets due to its long-standing opposition agitating role. But due to being in power for almost 15 years, it has now become organizationally weak, corruption has become common and the party's engagement at the grassroots level has reduced. Tarana Haleem alleges that the opposition plans to demoralize the police and security forces through violence and then terrorize the common people by attacking public transport and passengers. She says her government is facing a two-pronged attack - one, the US-led Western regime change operation and two, behind the facade of a democratic movement, a Pakistan-backed violence to oust the government through planned violence. Opposition movement. The US issued sanctions against seven senior security officials, including former police chief Benazir Ahmed, in December 2021 and also kept Bangladesh out of its democracy summit. Benu Ghosh says that the BNP-Jamaat alliance has employed politically well-connected lobbyists in the US to make the fight to gain power look like a fight to save democracy. But BNP's Abbas, who was detained along with other senior party leaders on charges of 'inciting violence', insisted that Prime Minister Hasina had ordered the crackdown to create an atmosphere of fear after the agitation, which was aimed at 'The stage has to be set for election rigging'. Abbas told media persons that Hasina cannot win a fair election. If elections are held under a neutral caretaker government, the Awami League cannot win even 10 per cent of the seats because anti-incumbency is strong due to rampant corruption and people are badly affected by rising prices of essential commodities. This is why she wants to use security forces to return to power. But secular politicians who oppose fundamentalists blame the Awami League for 'promoting soft Islam'. A senior leftist politician from a party supporting the Awami League said that 'this is not only a deviation from the secular traditions of the party, but it has also helped Islamic fundamentalists gain political legitimacy.' He said that over the years, radical Islamists and wealthy business associates have surrounded Hasina and created a coterie. On one hand this led to Islamization of politics, on the other hand corruption increased on a large scale. India is not happy with this. New Delhi has pressured the Awami League leadership to dismantle the Islamist-business lobby and return to its traditional Bengali middle-class roots, but without much success. Now when the US and its western allies are targeting Hasina on issues of democracy and human rights and China is strictly staying away from the domestic politics of Bangladesh, then 'Iron Lady' Sheikh Hasina will either have to heed New Delhi's 'advice' or risk its indifference. India and the US are strategic allies and committed to deterring an aggressive China, but have traditionally had sharp differences over the issue of Bangladesh. Sukhranjan Dasgupta says, 'Much of the political future of Bangladesh depends on how the India-US equation shapes up in South Asia.'

COP-28: Hosting the criminals, poor climate record is the basis of protest by environmental lovers

If environment lovers are opposing the COP-28 going to be held in the United Arab Emirates, the main reason for this is its poor climate record. The United Nations' annual climate conference (COP-28) is to be held in the United Arab Emirates (UAE) from 30 November to 12 December. But it is being opposed due to the UAE's poor climate record. Organizations that monitor climate treaties claim that the UAE is far behind in implementing the Paris Agreement. There is an emphasis around the world on phasing out fossil fuels, but the UAE is the seventh largest carbon emitter in the world. It is the third largest oil producer in the Organization of Oil Exporting Countries (OPEC). 30 percent of its GDP comes from oil and gas exports. Still, the UAE has not been able to give any concrete results regarding decarbonization in the last five to ten years. Climate lovers are also angry over the handing over of the presidency of COP-28 to Sultan Ahmed Al Jaber. Al Jaber is the CEO of Abu Dhabi National Oil Company (Adnoc), the UAE's largest oil company, which is already under fire from civil society over emissions. Environmental lovers are expressing concern over the increasing presence of oil advocates at the annual climate conference. The question is whether climate treaties should not contain stringent provisions on carbon emissions, which is why oil companies are making inroads there. Are efforts being made to decide the language of negotiations, proposals and final agreements in the interest of oil companies? The oil industry had the largest number of delegates from any single country at the 26th UN Climate Change Conference in Glasgow in 2021. These representatives advocate the interests of the oil and gas industry. The issue of whether climate lovers will be able to express their views openly in COP-28 reached the Human Rights Council of the United Nations. Human Rights Watch has expressed fear that this will defeat the purpose of climate talks.

In view of the increasing pressure from civil organizations, a few days ago the United Nations had to issue a joint statement with the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC). In this, the Gulf country has said that environment lovers can protest peacefully during the climate conference. Protests and sloganeering in cops are nothing new. Activists who raise their voice from court to street reach here to save the environment. Even during COP-27 held in Egypt, there were protests outside the conference. Adnoc is now claiming that it will become a zero carbon emitting company by 2045. The UAE already shared its Nationally Determined Contribution (NDC) to the UNFCCC in 2015, which outlines the National Climate Policy Programme, 2017-2050. In such a situation, the campaign being run against UAE is not being fueled through oil diplomacy. However, this claim is weak, because America and Europe are already the target of environmentalists for their ongoing investment in oil projects. The Just Stop Oil organization continues to mobilize people against government investment in oil projects in Britain. American company Exxon Mobil has also often been the target of environmentalists regarding oil mining projects.

After the Paris Agreement, the annual climate conference of UNFCC has become very important. The resolutions passed here are not limited to just the resolution like the G-20 conferences, but the countries signing it are also committed to implementation and the UNFCCC reviews it from time to time. Today, emphasis is being laid on reducing carbon emissions in the policies being made across the world, behind this are the agreements made in these climate conferences. In view of the increasing pressure from civil organizations, a few days ago the United Nations had to issue a joint statement with the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC). In this, the Gulf country has said that environment lovers can protest peacefully during the climate conference. Protests and sloganeering in cops are nothing new. Activists who raise their voice from court to street reach here to save the environment. Even during COP-27 held in Egypt, there were protests outside the conference. Adnoc is now claiming that it will become a zero carbon emitting company by 2045. The UAE already shared its Nationally Determined Contribution (NDC) to the UNFCCC in 2015, which outlines the National Climate Policy Programme, 2017-2050. In such a situation, the campaign being run against UAE is not being fueled through oil diplomacy. However, this claim is weak, because America and Europe are already the target of environmentalists for their ongoing investment in oil projects. The Just Stop Oil organization continues to mobilize people against government investment in oil projects in Britain. American company Exxon Mobil has also often been the target of environmentalists regarding oil mining projects. After the Paris Agreement, the annual climate conference of UNFCC has become very important. The resolutions passed here are not limited to just the resolution like the G-20 conferences, but the countries signing it are also committed to implementation and the UNFCCC reviews it from time to time. Today, emphasis is being laid on reducing carbon emissions in the policies being made across the world, behind this are the agreements made in these climate conferences. The Kyoto Protocol of 1996 and the Paris Agreement of 2015 have an impact on the climate and environmental policies of every country today. More than 150 countries of the world have shared their preparations to reduce carbon emissions with UNFCCC. The Green Climate Fund and the Loss and Damage Fund came into existence thanks to these climate conventions.

कलेक्ट्रेट में रजिस्ट्री कार्यालय लाने को अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

मुरादाबाद- उप निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय को कलेक्ट्रेट परिसर में लाने के लिए दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कहा कि 2019 से इसकी मांग एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है लेकिन इसकी अनदेखी की जा रही है। जो जनहित में नहीं है। अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों ने कहा कि कई दशकों से उप निबंधक कार्यालय सिविल कोर्ट की भूमि पर संचालित होता था। लेकिन किन्हीं कारणों से अनावश्यक रूप से इसे एमडीए कालोनी के एक व्यावसायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। इसका किराया 1,37,410 रुपये प्रति माह राज्य सरकार द्वारा अनावश्यक दिया जा रहा है। जिलाधिकारी कार्यालय पर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने आवाज बुलंद की यहां पर न तो फोटो स्टेट की दुकान है और न वाहन खड़ा करने की जगह। जिससे अधिवक्ताओं, वेंडरों और रजिस्ट्री कराने वालों को भी परेशानी होती है। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर अधिवक्ता, स्टांप वेंडर्स, टाइपिस्ट, जन सामान्य के हित को देखते हुए उप निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय को फिर से वापस कलेक्ट्रेट में स्थापित कर संचालित कराने की मांग की। इस मांग के समर्थन में उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य आदि मौजूद रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुलिस लाइन में हुई रन फॉर यूनिटी

मुरादाबाद- भारतीय एकता के प्रतीक स्वतंत्रता सेनानी देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार को पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी का आयोजना किया गया। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनीराज ने पुलिसकर्मियों से कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात देश के पहले उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। हम सभी इस अवसर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बताया कि भारत के लौह पुरुष सरदार पटेल का आजादी के बाद भारत के एकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान था, इसलिए उन्हें राष्ट्रीय एकता का प्रणेता माना जाता है। उनका जन्मदिन देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने भी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार पटेल के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया। इस बीच में पुलिस लाइन में आयोजित रन फॉर यूनिटी का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, क्षेत्राधिकारी बिलारी डॉ. अनूप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह भी थे। इनके साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर राष्ट्र एकता का संदेश दिया गया। रन फॉर यूनिटी दौड़ पुलिस लाइन से आरंभ होकर पुलिस अकादमी होते अकबर किला से वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई।

हाईवे पर बच्चे के शव को लेकर दो पक्षों विवाद, यातायात प्रभावित

मुरादाबाद- दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को बच्चे के शव को लेकर आपस में बहस चल चल रही थी। दोनों पक्ष हाईवे पर आ गए और विवाद करने लगे। ये लोग मायके व ससुराल वाले बताए जा रहे हैं।

घटना पाकबड़ा थाना क्षेत्र में लोदीपुर राजपूत के पास की है। यहां पेट्रोल पंप से आगे कुछ दूरी पर हाईवे पर ससुराल और मायके पक्ष में बच्चे के मृत शरीर को लेकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। हाईवे पर हंगामा कर रहे हैं। यातायात भी बाधित हो गया। फिलहाल मौके पर पुलिस पहुंची है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हाईवे पर यातायात बहाल कराकर दोनों पक्षों से मामले की जानकारी ले रहे हैं।

गुस्से में परिवार तबाहः बहन की ननद से किया प्रेम विवाह.. नौ साल बाद सुसराल गया, कहासुनी में बहनोई ने मार डाला

दिल्ली से नौ साल बाद अशरफ पत्नी के साथ मैनाठेर आया था। इस बीच उसकी बहनोई मारूफ से कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर मारूफ से अशरफ की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के तख्तपुर अल्ला उर्फ नानकार में बहन के प्रेम विवाह से नाराज होकर बहनोई की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी मारूफ को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। उधर, दिल्ली के खजूरी स्थित कब्रिस्तान में अशरफ उर्फ गुड्डू के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है। गुस्से में मारे गए चाकू से दो परिवार तबाह हो गए हैं।नौ साल पहले गुड्डू ने शाइस्ता से किया निकाह - दिल्ली पूर्वी के खजूरी खास निवासी अशरफ उर्फ गुड्डू की बहन शबनम की शादी 23 साल पहले मैनाठेर के तख्तपुर अल्ला उर्फ नानकार निवासी ट्रक चालक मारूफ के साथ हुई थी। इसके बाद गुड्डू का अपनी बहन शबनम घर के आना जाना शुरू हो गया था। इसी बीच गुड्डू और मारूफ की बहन शाइस्ता के बीच दोस्ती हो गई थी। करीब नौ साल पहले गुड्डू ने शाइस्ता से प्रेम विवाह कर लिया था।

गुड्डू को देखकर साले मारूफ ने नाराजगी जताई

शनिवार शाम दिल्ली से गुड्डू अपनी पत्नी शाइस्ता को लेकर ससुराल आया था। घर में गुड्डू को देखकर साले मारूफ ने नाराजगी जताई थी। रविवार सुबह सात बजे साले बहनोई में कहासुनी हो गई थी। इस दौरान मारूफ ने गुड्डू के पेट में चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी साले मारूफ ने थाने में पहुंचकर सरेंडर किया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। उधर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर दिल्ली चले गए और गुड्डू के शव को सपुर्द-ए-खाक कर दिया है। हत्यारोपी की पत्नी शबनम भाई गुड्डू के दफन में शामिल हुई, जबकि साथ में गुड्डू की पत्नी शाइस्ता भी ससुराल में पहुंच गई है।

गाली देने पर मारूफ ने कर दी थी हत्या

पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी मारूफ ने बताया कि शनिवार रात में अपने घर में बहन शाइस्ता और उसके पति अशरफ उर्फ गुड्डू को देखकर नाराज हो गया था। उस समय लोकलाज की वजह से मैंने कुछ नहीं कहा। रविवार सुबह में जब आपस में बातचीत हो रही थी तो शाइस्ता पैतृक जमीन में हिस्से की मांग करने लगी। इसी बात पर विवाद शुरू हो गया था। इसी बीच शाइस्ता का पति अशरफ उर्फ गुड्डू गाली-गलौज करने लगा। साथ ही मारने के लिए बढ़ा। तब मैंने उसके पेट में चाकू मार दिया था।हत्यारोपी मारूफ की पत्नी शबनम जब दिल्ली अपने सगे भाई अशरफ उर्फ गुड्डू की दफीने में शामिल होने के लिए गई तो वहां पर गुड्डू की मौत पर महिलाओं ने उसको ताने दिए। कहा कि तेरे पति ने गुड्डू को मार दिया, जबकि उसने अपनी बहन शाइस्ता को क्यों नहीं मारा। यह सब कुछ तेरे सामने कैसे हो गया। वह महिलाओं के तानों के जवाब नहीं दे सकी। गमजदा शबनम ने एक तरफ भाई को खो चुकी है तो दूसरी तरह हत्या में उसका पति जेल जा चुका है। अब कहां रहेगी शाइस्ता पति अशरफ उर्फ गुड्डू की हत्या के बाद शाइस्ता सदमे में है।

सपा नेता आजम खां को बड़ा झटका: जौहर ट्रस्ट से वापस ली जाएगी विद्यालय की जमीन, कैबिनेट में लगी मुहर

सपा नेता आजम खां के जौहर ट्रस्ट को दी गई जमीन वापस ली जाएगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगी। सपा सरकार में दी गई जमीन की कीमत 100 करोड़ से ज्यादा है पर जौहर ट्रस्ट को ये सिर्फ 100 रुपये सालाना के किराये पर दी गई थी। जेल में बंद सपा के दिग्गज नेता आजम खां को योगी सरकार की तरफ से एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में रामपुर में मौलाना मो. जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा लीज पर दी गई मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। गौरतलब है कि सपा सरकार में शर्तों की अनदेखी करके विद्यालय की जमीन जौहर ट्रस्ट को मात्र 100 रुपये सालाना के किराये पर दी

गई थी। मामले में शिकायतकर्ता विधायक आकाश सक्सेना ने आरोप लगाया था कि सपा कार्यकाल में आजम ने मुर्तजा विद्यालय की जमीन को जौहर ट्रस्ट के नाम करवा लिया था। इसके बाद इसमें रामपुर पब्लिक स्कूल खोल दिया। भाजपा विधायक का कहना है कि रामपुर शहर स्थित यह जमीन 3825 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है। इसमें सपा का कार्यालय भी है। जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 10 करोड़, जबकि मार्केट रेट 100 करोड़ से ज्यादा है। डीएम रामपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने इस जमीन को माध्यमिक शिक्षा को लौटाने का फैसला किया है।

अखिलेश यादव बोले, ये परंपरा ठीक नहीं

जौहर ट्रस्ट की जमीन को कैबिनेट के फैसले से वापस लिए जाने पर अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा उचित नहीं है। इसी तरह के निर्णय आगे आने वाली सरकार भी लेगी। उन्होंने कहा यूपी में समाजवादी सरकार बनने पर स्कूल कॉलेज और अस्पतालों के लिए मुफ्त जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद -जनपद के विकास खण्ड डिलारी के अन्तर्गत डी.एन. शर्मा इण्टर कॉलिज बहेड़ी ब्रह्मनान में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का आयोजन किया गया। कॉलिज प्रबन्धक पं.राधेश्याम शर्मा एवं प्रधानाचार्य दाऊद अली ने पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रवक्ता अवधेश कुमार, सीताराम कश्यप, नजाकत अली, सलमान खान, फाकीर हुसैन, राजेन्द्र सिंह एवं अदिति रूहेला आदि द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण एवं अनुकरण करने का संकल्प लिया। वहीं दूसरी ओर उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर एकता, अखंडता तथा स्वच्छता के लिए

प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों, विद्यालय स्टाफ, भोजन माता ने भाग लिया बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत एवं कविताओं द्वारा एकता एवं अखंडता का संदेश दिया और लघु नाटिकाओं द्वारा स्वच्छता, शिक्षा एवं समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर व्याख्यान किया। बच्चों को एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई। वरिष्ठ अध्यापक प्रेमपाल सिंह, आलोक कुमार एवं शवाना परवीन ने सरदार पटेल के द्वारा देश हित में किए गए विभिन्न कार्यो पर प्रकाश डाला।

करवाचौथ की तैयारी पूरी, इस तरह करें पूजा...मुरादाबाद में शुभ मुहुर्त शाम पांच से होगा शुरू

सुहागिनों का सबसे महत्वपूर्ण व्रत करवाचौथ एक नवंबर को है। पति-पत्नी के अखंड प्रेम, सम्मान व त्याग की चेतना का प्रतीक पर्व करवाचौथ की तैयारियां परवान पर हैं। पति के लंबी आयु के लिए अन्न-जल त्याग कर सुहागिनें व्रत रखेंगी। शाम को पूजन आदि की पूर्णता के बाद रात को चांद का दर्शन व अर्ध्य देकर अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रती उपवास तोड़ेंगी। ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार करवाचौथ व्रत का कुल समय 13 घंटे 42 मिनट का रहेगा। यह सुबह छह बजकर 33 मिनट से शुरू होकर रात आठ बजकर 15 मिनट पर

समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस बार करवाचौथ पर सर्वार्थ सिद्धि समेत तीन शुभ योग बन रहे हैं। करवाचौथ पूजा सामग्री-ज्योतिषाचार्य पंडित सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि करवाचौथ पूजा का शुभ मुहुर्त शाम पांच बजकर 36 मिनट से शाम छह बजकर 54 मिनट तक है। उन्होंने बताया कि करवा चौथ पूजा सामग्री में देसी घी, इत्र, नारियल, जनेऊ जोड़ा, अबीर, गुलाल, शहद, दक्षिणा, कच्चा दूध, छलनी, कपूर, गेहूं, रूई की बाती, करवा माता की तस्वीर, दीपक, अगरबत्ती, लकड़ी का आसन, हलुआ, आठ पूरियों की अठावरी आदि होना चाहिए। करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। कुछ सुहागिन महिलाओं ने सोमवार से अपने हाथों में मेहंदी रचाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा महिलाएं मेहंदी रचाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग कर रही हैं। वहीं बाजारों में मेहंदी रचाने के लिए अलग से स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पूर्व जिला अध्यक्ष ने सिधौली वार्ड नंबर 5 क्षेत्र बाबा कॉलोनी का दौरा किया

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने सिधौली वार्ड नंबर 5 मोहल्ला बाबा कॉलोनी क्षेत्र का दौरा किया जनता की समस्याएं सुनी जनता के साथ हर गली को देखा विकास कार्यों को देखा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह को जनता ने बताया है कि 500 मीटर लंबी रास्ता 20 फुट के करीब चौड़ी रास्ता है

इसकी नापतोल कई बार हो चुकी है लेकिन अभी विकास कार्य नहीं हुआ है इस रास्ते की फाइल लंबित पड़ी हुई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि इस बाबा कॉलोनी के इस रास्ते का निर्माण कार्य अति शीघ्र करने की कृपा करें जिस की जनता को कठिनाइयों से बचाया जा सके बरसात के दिनों में इतना जल भरा हो जाता है लोगों को अपने मकान छोड़कर के किराए के मकान में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का सट्टा आदेश है कोई भी गली कोई भी सड़क विकास कार्य से वंचित नहीं होनी चाहिए उसे आदेश का नगर निगम के अधिकारियों को पालन करना चाहिए उत्तर प्रदेश सरकार विकास कार्य के लिए भरपूर पैसा भेज रही है पैसे में कोई कमी नहीं आने दे रही है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही है इस तरह की समस्याएं क्षेत्र से उठकर आ रही है विकास कार्य से संबंधित जनता की समस्याओं को दूर किया जाए

जलाली प्रकरण मे पुलिस अधिकारी लीपापोती मे लगे, क्या आतंकवादी था आरोपी जो रात मे ही घर मे घुस गयी पुलिस?

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ -अलीगढ़ हरदुआगंज- उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में स्थित हरदुआगंज थाने की पुलिस इन दिनों बेलगाम हो गई है! पुलिस के आला अधिकारियों की सरफरश्ती में मनमानी ढंग से कम कर रही है 7 ताजा मामला जलाली पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी की वायरल वीडियो से सामने आया है, वायरल वीडियो में खुलेआम महिलाओं से गुंदागर्दी, बदतमीजी और मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं7 लेकिन पुलिस के बड़े अधिकारियों को अपने अधीनस्थ की यह गुंडई नजर नहीं आ रही है, फिलहाल पीड़ित परिवार ने एसपी के पास जाकर कार्रवाई की गुहार लगाई है7 आपको बताते चलें कि अलीगढ़ मीडिया ने चौकी इंचार्ज की इस गुंडागर्दी का वीडियो सबसे पहले अपने न्यूज़ पोर्टल पर प्रसारित किया था7 इसके बाद सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है7 पुलिस के अतरौली सर्कल के छ्ह का कहना है कि मामले में बातचीत की है स्थानीय स्तर पर पुलिस ने बताया है कि पुलिस चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ने के लिए घर पर गई थी,इसी दौरान घर की महिलाओं ने आरोपी को पकड़ने में बाधा डाली और हल्की धक्का मुक्की हुई आरोपी के खिलाफ थाना हरदुआगंज में मुकदमा दर्ज है, उसी के तहत यह कार्रवाई की गई है7 अलीगढ7 हरदुआगंज के जलाली में पुलिस की गुंडागर्दी, रात में महिलाओं से अभद्रता लेकिन प्रकरण पर अलीगढ़ मीडिया. सवाल करता है कि जिस व्यक्ति पर पुलिस चोरी का आरोप लगा रही है, उसे व्यक्ति को पकड़ने के लिए पुलिस रात में ही क्यों गई? क्या चोरी की घटना इतनी बड़ी थी की पुलिस को देर रात सोती हुई महिलाओं से इस तरह बदतमीजी करने जरूरी था? यहां सवाल यह भी होता है कि क्या जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया क्या वह आतंकवादी था जो बिना किसी वीजा पासपोर्ट के देश को छोड़कर भाग जाता? इतनी गैर जिम्मेदार हरदुआगंज पुलिस कैसे हो गई कि उसने ना तो कोई मानव अधिकार समझ और ना ही और ना ही कोई नियम कानून? अगर पुलिस को इतना जरूरी ही था आरोपी को पकड़ना क्यों नहीं अवगत कराया? और बिना किसी पुलिस एफआईआर दर्ज किए बिना किसी महिला पुलिस के साथ लिए चौकी इंचार्ज यू कैसे महिलाओं से बदसलू की कर सकते हैं यह अधिकार उन्होंने उनको किसने दे दिया? क्या पूरे प्रकरण में को अतरौली का संरक्षण है? उन्हें जो हरदुआगंज की पुलिस मनमाने ढंग से कम कर रही है7

वायरल फीवर से 15 दिन में 10 की मौत, सैकड़ों बीमार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- ब्लॉक सकीट क्षेत्र के गांव मानिकपुर में वायरल फीवर से 15 दिन में 10 बीमारों की मौत हो चुकी है। मौत होने के पीछे बीमारों को स्वास्थ्य केन्द्र, मेडिकल कालेज में उपचार कराने के बजाय झोलाछाप के यहां ले जाना बताया जा रहा है। मानिकपुर ग्राम प्रधान प्रवीन गुप्ता ने बताया कि गांव में वायरल फीवर बीमारी फैली हुई है। बीमार लोग पीपल अड्डा पर अपंजीकृत क्लीनिक में पहुंचकर उपचार करा रहे हैं। वह मरीजों से फीस नहीं लेते हैं। इनके क्लीनिक में गांव में तीन से चार बीमारों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा शहर के अन्य अपंजीकृत क्लीनिकों में उपचार के दौरान मरे हैं। उन्होंने बताया कि 15 दिन में करीब दस लोगों की वायरल फीवर से गांव में मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय गिरीश चंद्र पुत्र मुन्नालाल, 40 वर्षीय सुनीता देवी पत्नी ओमकार सिंह, 17 वर्षीय शिवम पुत्र छोटेलाल, 65 वर्षीय दयाराम पुत्र बद्री, 60 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी रघुवीर, 55 वर्षीय राज बहादुर पुत्र कुंदन सिंह, 28 वर्षीय अश्वनी पुत्र सूरजपाल, रामखिलाड़ी 70 वर्ष, भारत सिंह 70 वर्ष, रोशन लाल 80 वर्ष की वायरल फीवर से मौत हो चुकी है।

नाम मेडिकल कॉलेज, सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्र वाली भी नहीं

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा- लोगों को न तो आंख में डालने को ड्राप मिल रही और न ही न ही कफ सीरफ। जो दवाएं मिल भी रही है उसके लिए भी मारा मारी हो रही है। डॉक्टर के पर्चे की लिखी दवा भी पूरी ना मिलने से मरीज परेशान है। रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को जब अस्पताल खुला तो मरीजों की लंबी लाइन थी। पर्चा बनवाने के लिए लाइन लगी। पर्चा की लाइन से निकलते तो डॉक्टर को दिखाने के लिए भीड़ थी। सबसे अधिक मरीज वायरल बुखार के है। यह जो बुखार है जो एक-एक सप्ताह से पहले जाने का नाम नहीं ले रहा है। जांच कराने के लिए भी सबसे अधिक भीड़ है। सोमवार को मलेरिया, डेंगू के लिए 60 सैंपल लिए गए। इसमें सभी की रिपोर्ट नैगेटिव आई। सबसे अधिक परेशानी तो दवा लेने के लिए महिलाओं को उठानी पड़ी। बच्चों के साथ आने वाले महिलाओं को पूरी दवा नहीं मिल रही। आयरन की गोलियां भी वहां पर नहीं है।

उपमुख्यमंत्री पहुंचे पनैठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएमओ से पूछे सबाल, नहीं दे सके जबाव

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - अलीगढ़ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को गुलदस्ता भेंट किया प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पनैठी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया जहां स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई साफ सुथरी चादरें कंबल बेड पर नजर आए केंद्र के निकट व अंदर गंदगी पर किसी ने ध्यान नहीं दिया उपमुख्यमंत्री ने करीब आधा घंटे तक एक कक्ष में राज्यमंत्री संदीप सिंह, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज त्यागी, अपर निदेशक डॉ. साधना राठौर, सांसद सतीश गौतम, कोल विधायक अनिल पाराशर की मौजूदगी में विभागीय समीक्षा की। इसी दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के सवालों का सीएमओ जवाब देने में हिचकिचा गए। उनके साथ मौजूद अन्य अधिकारियों ने जवाब देकर उपमुख्यमंत्री को संतुष्ट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, बृज प्रांत के उपाध्यक्ष ठा श्यौराज सिंह, गौरव शर्मा, ठाकुर गोपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष देवराज सिंह, संजय राजा, रामसखी कठेरिया, अखिलेश प्रताप सिंह, अवधेश शर्मा, मोनू सिंह, पार्टी के आदि कार्यकर्ता मौजूद

कृष्ण की बाल लीलाओं ने किया रोमांचित, सनातनी त्योहार धूमधाम से मनायें

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-श्रीमद् भागवतकथा के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा में रमे रहे श्रद्धालु भगवत भक्त व साधू का कभी अपमान न करो - चिन्मयानंद श्री कृष्ण की बाल लीलाओं ने किया रोमांचित, सनातनी त्योहार धूमधाम से मनायें। कस्बा आवागड़ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा का वृतांत सुनाते अंतर्राष्ट्रीय संत चिन्मयानंद बापू अभिमान मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण है। घमंड चाहे धन का हो या फिर बाहुबल और मान सम्मान और ज्ञान का, कभी ना कभी पतन की ओर अग्रसर करता है। यह उधर हरिद्वार के अंतर्राष्ट्रीय संत कथा वाचक चिन्मयानंद बापू ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा का वृतांत सुनाते हुए कहे। आगरा रोड स्थित पचोरी फार्म हाउस के समीप चल रहे आयोजन में क्षेत्रीय तथा आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। कन्हैया के जन्म के उपरांत गोकुल में खुशी के माहौल का जीवंत वाचन करते हुए बापू ने कहा कि भगवान के जन्म की 6 महीने तक खुशियां मनाई गई। भगवान के गिरिराज जी को उंगली पर उठाने के दौरानगोवर्धन महाराज के जयकारे समूचे पंडाल में गूंज उठे। इस मध्य गिरिराज जी का छप्पन भोग लगाया गया तथा श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। इस दौरान आयोजक धर्मेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, नीरज गुप्ता जसराना, राजेश गुप्ता ,राधा मोहन दुबे, शिव प्रकाश गुप्ता ,सत्यवीर यादव, अनिल गोयल ,विपिन जैन, निशु गुप्ता ,हिमांशु गुप्ता, अनिल चौहान ,अभिषेक गुप्ता, रवि गुप्ता, सनी गुप्ता, संजीव पचोरी एडवोकेट ,अनिल गुप्ता, ऋषि गुप्ता, मुनेश गुप्ता,राहुल वर्मा, रेखा गुप्ता ,लक्ष्मी गुप्ता, महिमा गुप्ता, दीपिका, वर्षा गुप्ता, मंजू गुप्ता ,अंजू गुप्ता, सोनम गुप्ता, रिंकी गुप्ता, दीपिका गुप्ता, उषा गुप्ता , निशा गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, दीपिका गुप्ता ,महिमा गुप्ता ,पारुल वर्मा, मंजुला जैन आदि सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

एटा के सभी ब्लॉको मे लगभग 40 त्न स्कूलों के आज 10 बजे तक ताले ही नहीं खोले गये

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



